आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 02.12.2025 समय : 18.30 पीएम

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की–श्री शर्मा ने कई केन्द्रीय मंत्रियों से भी भेंट कीं
- देश में एसआईआर प्रक्रिया के दूसरे चरण में अब तक 50 करोड़ 85 लाख से अधिक मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरितं
- प्रदेश में राजभवन का नाम अब लोकभवन हो गया है–इस संबंध में अधिसूचना जारीं
- फिरोज़पुर फीडर के पुनर्निर्माण कार्यों का शिलान्यास 5 दिसम्बर को प्रस्तावितं

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज दिल्ली दौरे पर हैं श्री शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कीं सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने लिखा कि वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल के दो साल इस महीने पूरे हो रहे हैं इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री से राजस्थान आने के लिए निवेदन कियां मुख्यमंत्री ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी भेंट कीं इस दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ भी उनके साथ रहें

अपने दौरे में श्री शर्मा विभिन्न केन्द्रीय मंत्रियों और नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह, वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन और केन्द्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा, जितेन्द्र सिंह तथा राजीव रंजन से भी मुलाकात कीं

000

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कल दोपहर राज्य मंत्रिमंडल की बैठक होगीं इसके बाद मंत्रिपरिषद की बैठक भी बुलाई गई हैं मंत्रिमंडल और मंत्रिपरिषद की ये बैठकें मौजूदा राज्य सरकार के कार्यकाल के दो साल पूरा होने से ठीक पहले हो रही हैं ऐसा माना जा रहा है कि बैठक में इस उपलक्ष में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की जाएगीं इसके साथ ही बैठक में नई नीतियों को भी हरी झंडी मिलने की संभावना हैं

000

देश में एसआईआर प्रक्रिया के दूसरे चरण के तहत अब तक 50 करोड़ 85 लाख से अधिक मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं यह इस चरण के करीब 51 करोड़ मतदाताओं का 99 दशमलव सात–आठ प्रतिशत हैं

प्रदेश में भी मतदाता सूची–एसआईआर प्रक्रिया का काम जोर–शोर से किया जा रहा हैं अजमेर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से विधायक अनिता भदेल ने चुनाव आयोग की ओर से गणना प्रपत्र भरने की तारीख 11 दिसम्बर तक बढ़ाने का स्वागत किया हैं

..........

विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जागरुक मतदाता अपने आस–पास के लोगों को भी गणना प्रपत्र भरने के लिए प्रेरित कर रहे हैं पाली निवासी किशनराव ने कहा कि मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए एसआईआर प्रक्रिया जरूरी हैं

..........

प्रदेश में गणना प्रपत्र वितरण का शत–प्रतिशत काम पूरा करने वाले बीएलओ और सुपरवाईजर्स को सम्मानित भी किया जा रहा हैं इसी कड़ी में आज डूंगरपुर जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार सिंह ने 37 सुपरवाईजरों को सम्मानित कियां इधर जयपुर में **जागरुक मतदाता जनतंत्र का प्रहरी–** विषय पर निबंध प्रतियोगिता रखी गईं

000

प्रदेश भाजपा मुख्यालय में आज जनसुनवाई हुईं उद्योग मंत्री राज्यवर्द्धन राठौड़ और जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबू लाल खराड़ी ने लोगों की समस्याएं सुनीं इस दौरान प्रदेश भाजपा महामंत्री श्रवण सिंह बगडी और भूपेन्द्र सैनी भी मौजूद रहें इसे बाद मीड़िया से बातचीत में उद्योग मंत्री श्री राठौड़ ने कहा कि लोगों की समस्याएं और सुझाव सुनना सरकार की जिम्मेदारी हैं इसके लिए मंत्री अपने आवास पर नियमित रूप से जनसुनवाई कर रहे हैं और अब पार्टी कार्यालय में भी यह पहल की गई हैं

000

प्रदेश में राजभवन का नाम अब लोकभवन हो गया हैं इस बारे में अधिसूचना जारी की जा चुकी हैं ये 1 दिसम्बर से प्रभावी मानी जाएगीं राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि 'राज' शब्द ब्रिटिश शासन की याद दिलाता हैं इसीलिए केन्द्र सरकार की पहल पर यह बदलाव किया गया हैं श्री बागड़े ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और लोकतंत्र में लोक ही प्रमुख हैं देश के संविधान की उद्देशिका भी हम भारत के लोक से शुरू होती हैं उन्होंने कहा कि लोगों की भावनाओं और लोक आकांक्षाओं का प्रतीक मानते हुए इसे लोकभवन नाम दिया गया हैं

000

राज्यपाल श्री बागड़े ने आज लोकभवन में विभिन्न राज्यों के स्थापना दिवस समारोह में भाग लियां इस मौके पर उन्होंने उत्तराखंड, झारखंड, नागालैंड और असम के निवासियों से संवाद कर स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं श्री बागड़े ने कहा कि लोकभवन में राज्यों का स्थापना दिवस मनाने का उद्देश्य एक भारत—श्रेष्ठ भारत की भावना को महसूस करना हैं उन्होंने इन राज्यों के निवासियों से अपने—अपने प्रांत के विकास में सहभागी बनने का आह्वान कियां

000

प्रदेश में मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत पशुओं का निःशुल्क बीमा किया रहा हैं योजना के इस चरण में 21 लाख पशुओं के पंजीकरण का लक्ष्य रखा गया हैं इसके लिए जिलों में राजस्व गांवों में शिविर लगाये जा रहे हैं इनमें पशुपालकों को तुरंत ही बीमा प्रमाण पत्र देने की तैयारी की गई हैं झुंझुनूं में पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. शिवकुमार सैनी ने बताया कि योजना के तहत दुधारू पशुओं का बीमा किया जा रहा हैं इस बार जिले में 50 हजार से अधिक पशुओं का बीमा पहले आओ—पहले पाओ के आधार पर किया जा रहा हैं

000

राज्य में नहरी तंत्र को मजबूत बनाने के प्रयास किये जा रहे हैं इसी कड़ी में फिरोज़पुर फीडर के पुनर्निमाण का शिलान्यास 5 दिसम्बर को प्रस्तावित हैं इसके तहत सीसी लाइनिंग, हैड रेग्यूलेटर के निर्माण तथा रेल्वे क्रॉसिंग ब्रिज के पुनर्निमाण का काम करवाया जाएगां ये काम आरडी ज़ीरो से 168 दशमलव दो तीन तक होगां इससे हरी के बैराज में आने वाले अतिरिक्त पानी को फिरोज़पुर फीडर में लाया जाएगा, जिसका फायदा गंग नहर को मिलेगां इस फीडर के पुनर्निमाण से गंग नहर के 3 लाख 14 हजार हैक्टेयर क्षेत्र के किसानों को पानी मिल सकेगां इससे फसलों का उत्पादन भी बढ़ेगां 647 करोड़ 62 लाख रुपये की लागत वाली इस परियोजना में पंजाब और राजस्थान की हिस्सेदारी हैं इसमें पंजाब की ओर से करीब 379 करोड़ रुपये और राज्य का अंशदान लगभग 268 करोड़ रुपये हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का फिरोज़पुर फीडर के पुनर्निमाण काम का शिलान्यास करने का कार्यक्रम हैं

000

राज्य में दिसम्बर में 230 माइनर मिनरल प्लॉटों की ई—नीलामी की प्रक्रिया शुरू हो गई हैं वहीं चालू वित्त वर्ष के अगले तीन महीनों में करीब 400 माइनर मिनरल प्लॉटों की ई—नीलामी की कार्य योजना बनाई गई हैं खान और पेट्रोलियम विभाग के शासन सचिव टी. रविकान्त ने आज जयपुर में ई—नीलामी समीक्षा बैठक में ये जानकारी दीं उन्होंने बताया कि विभाग खनिज खोज कार्य को गति दे रहा हैं इसके लिए मिशन मोड पर तैयारियां की जा रही हैं उन्होंने बताया कि अवैध खनन पर रोक के साथ ही माइनिंग सेक्टर में निवेश और रोजगार को बढ़ाने के लिए मिनरल ब्लॉकों की समयबद्ध नीलामी पर जोर दिया जा रहा हैं

000

राजसमंद के नाथद्वारा में आज पुलिस ने एक पिकअप से भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद कियें पुलिस उप—अधीक्षक शिप्रा राजावत ने बताया कि बिना नम्बर की ये पिकअप आमेट से नाथद्वारा जा रही थीं इससे डिटोनेटर और जिलेटिन छड़ें बरामद की गई हैं उन्होंने बताया कि पिकअप के चालक और परिचालक को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही हैं

000

डूंगरपुर जिले के सीमलवाड़ा निवासी सलीम मेघरजा ने थाईलैंड में आयोजित विश्व बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में सिलवर मेडल हासिल किया हैं हाल ही में ये प्रतियोगिता पटाया में आयोजित की गई थीं उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर हैं

000

राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद—राजीविका और कमला पोद्दार ग्रुप के बीच आज जयपुर में एक एमओयू किया गयां इसके तहत राजीविका समूहों से जुड़ी महिलाओं को बेहतर प्रशिक्षण मिल सकेगां इसमें स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के उत्पादों में सुधार, नई डिजाइनिंग और पैकेजिंग पर ध्यान केंद्रित किया जाएगां एमओयू पर राजीविका की स्टेट मिशन डायरेक्टर, नेहा गिरि और पोद्दार समूह के निदेशक, अभिषेक पोद्दार ने हस्ताक्षर किएं

000

राष्ट्रीय राजमार्गों के दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में अब पहले ही सुरक्षा अलर्ट मिलेगां इसके लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण—एन.एच.ए.आई. ने रिलायंस जियो के साथ मोबाइल आधारित सुरक्षा अलर्ट सिस्टम लागू करने का समझौता किया हैं इसके जरिये नेशनल हाइवे उपयोगकर्ताओं को दुर्घटना—संभावित क्षेत्रों, धुंध प्रभावित इलाकों, बेसहारा पशुओं वाले स्थानों और आपातकालीन मार्ग परिवर्तनों के पास पहुंचने पर एसएमएस, व्हाट्सएप और उच्च प्राथमिकता कॉल के माध्यम से समय पर चेतावनी दी जाएगीं

000